कार्यालय : प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक,
बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखंड, राँची।
वन भवन, डोरण्डा, राँची, झारखंड, पिन–834002, Email : pccf-ednodal@gov.in

पत्रांक :– 231 दिनांक :– 19/3/2026

सेवा में,

वन संरक्षक,
प्रादेशिक अंचल, बोकारो।

विषय :– **मेसर्स बी0सी0सी0एल0 की मुराईडीह कोलियरी परियोजना हेतु कुल 133.69 हे0 (46.17 हे0 वनभूमि एवं 87.52 हे0 जंगल–झाड़ी) वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव (FP/JH/MIN/44804/2020) के संबंध में।**

प्रसंग :–
1. भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परितर्वन मंत्रालय नई दिल्ली का पत्रांक 8-08/2025-FC दिनांक 08.10.2025
2. वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, मेदिनीनगर का पत्रांक 157 दिनांक 20.02.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक संदर्भ में सूचित करना है कि भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के प्रासंगिक पत्र–1 द्वारा बी0सी0सी0एल0 का मुराईडीह कोलियरी परियोजना हेतु कुल 133.69 हे0 वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव में 12 बिन्दुओं पर पृच्छा की गयी है, जिसका निराकरण प्रतिवेदन आपके पत्रांक 157 दिनांक 20.02.2026 द्वारा इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त अनुपालन प्रतिवेदन के संबंध में निम्नवत् बिन्दुओं पर प्रतिवेदन अपेक्षित है :–

1. पृच्छा बिन्दु–1 का जवाब पृच्छा के अनुरूप नहीं है।
2. पृच्छा बिन्दु–3 के संबंध में प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा पूर्व के प्रस्ताव की स्वीकृति में लगाये गये शर्त्तो का समर्पित अनुपालन प्रतिवेदन पर संबंधित वन प्रमण्डल पदाधिकारी का मंतव्य अप्राप्त है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त बिन्दुओं पर वांछित अनुपालन प्रतिवेदन शीघ्र इस कार्यालय को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,

19/3/26

उप निदेशक,
बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची।

19-3